(संलग्नक–1)

# गृह भ्रमण सम्बन्धी दिशा–निर्देश/सुझाव

**कोविड संबंधी आवश्यक संदेश**

- परिवारों से संपर्क के समय सही से मास्क पहनने के तरीके (नाक व मुंह दोनो कवर हों) का संदेश दें, जिससे कि संक्रमण से बचाव हो सके। घर से बाहर निकलते समय अथवा दूसरो से संपर्क के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य है।
- हाथों को साबुन अथवा सैनिटाइजर से समय–समय पर साफ करते रहें।
- संपर्क के दौरान कम से कम 6 फीट की दूरी बनाये रखें।
- गर्भवती, धात्री महिलाओं अथवा बच्चों में या फिर परिवार के अन्य सदस्यों में कोविड के लक्षण दिखने पर तुरन्त स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दें।

**गृह भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा दी जाने वाली सेवायें**

- अनुपूरक पोषाहार
- परामर्श सेवायें
- वृद्धि निगरानी
- आयरन गोलियों का वितरण
- संदर्भन

**लाभार्थी जिनके यहां प्राथमिकता के आधार पर गृह भ्रमण किया जाना है**

- नवजात शिशु
- चिन्हित अतिकुपोषित बच्चे, सैम/मैम बच्चे
- पहले त्रैमास की गर्भवती महिलायें, धात्री महिलायें व
- बच्चे जिन्हानें वर्तमान माह में 6 माह पूर्ण कर लिया हो अथवा 6–8 माह के हों

**गृह भ्रमण का तरीका**

- सुनें – पहले लाभार्थी से, जिसके व्यवहार में परिवर्तन लाना है, उसको उन्हीं के शब्दों में सुनें (Assess)
- समझें– स्थिति का आंकलन करें (Analyse)
- सलाह दें– आंकलन करने के पश्चात आवश्यकतानुसार सलाह दें (Act)

गृह भ्रमण के मुख्य लाभार्थी वर्ग व आंगनबाड़ी के माध्यम से दी जाने वाली सेवायें

| | लाभार्थी वर्ग | मुख्य सेवा | आंगनबाडी कार्यकत्रियों के लिये कार्य बिन्दु |
|---|---|---|---|
| 1. | नवजात शिशु | • गृह आधारित देखभाल तथा स्तनपान प्रोत्साहन | कोविड काल में कई प्रसूती महिलायें संक्रमण के डर से शिशु को स्तनपान नहीं कराती हैं। उन्हें निम्न तथ्यों से अवगत करायें।<br>• शिशुओं के लिए स्तनपान (मॉ का दूध) पोषण का सबसे अच्छा और मुख्य स्त्रोत है। मॉ के दूध में कोविड–19 वायरस मौजूद होने के साक्ष्य नहीं के बराबर है, इसलिए स्तनपान को COVID स्थिति में भी जारी रखा जाना है। मां के दूध में उपलब्ध एन्टीबॉडी शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।<br>• यदि मां को खॉसी, बुखार या अन्य कोविड के लक्षण हैं तो स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वह मास्क लगाते हुये तथा अन्य कोविड के नियमों का पालन करते हुये स्तनपान करा सकती है।<br>• यदि वह स्तनपान कराने में बिलकुल सक्षम नहीं है तो कटोरी चम्मच से दूध निकालते हुये उसे पिला सकती है। |
| 2 | चिन्हित अतिकुपोषित बच्चे, सैम / मैम बच्चे | • वृद्धि निगरानी<br>• गृह आधारित देखभाल<br>• आवश्यकतानुसार संदर्भन<br>• अनुपूरक पोषाहार का समुचित प्रयोंग एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने के विधि को दर्शाना। इस हेतु पूर्व में प्रेषित रेसिपी बुकलेट, वीडियों का प्रयोग करें | कुपोषण के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है जिससे शरीर को बीमारियां / संक्रमण घेर लेते हैं। कोविड में बच्चे भी प्रभावित हुये हैं। बच्चों के सम्बन्ध में विशेष सर्तकता की आवश्यकता है।<br>आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अति कुपोषित बच्चों के घर प्राथमिकता पर भ्रमण करेगी तथा निम्न सेवायें उपलब्ध करायेंगी–<br>• वृद्धि निगरानी<br>• अनुपूरक पोषाहार<br>• परामर्श सेवायें व संदर्भन सेवायें<br><br>चिन्हित अति कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री निगरानी करेगी तथा प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से बच्चे के घर जाकर उसका वजन करेगी जिसे वह रजिस्टर /एम0सी0पी कार्ड पर अंकित करेगी। यदि उसकी वृद्धि रेखा में निरन्तर गिरावट आ रही है अथवा कुपोषण के स्तर में सुधार नहीं आ रहा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | तो वह उसके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग को संदर्भित करेगी तथा ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस पर ए0एन0एम से स्वास्थ्य जांच करायेगी। बच्चों की उचित देखभाल हेतु निम्नानुसार परामर्श देगी–<br><br>● आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे अनुपूरक पोषाहार की समुचित मात्रा तथा उससे बनने वाली रेसिपी के बारे में जानकारी देगी तथा नियमित रूप से अनुपूरक पोषाहार के प्रयोग के संबंध में परामर्श देगी।<br>● छः माह से कम आयु के कुपोषित बच्चों को केवल मां के दूध दिये जाने पर बल देगी जिससे की संक्रमण से बचाव किया जा सके।<br>● ऊपर का दूध, पानी नही देने तथा दूध की बोतल, चुसनी का प्रयोग बिलकुल ना करने की सलाह देगी।<br>● छः माह से ऊपर बच्चे के खाने में अनाज, दाले, दूध, हरी व अन्य सब्जियां व फल जहां तक संभव हो अवश्य शामिल करने को कहेगी। मसला हुआ ताजा भोजन अलग थाली/कटोरी में खिलानें तथा खाने में थोडा सा घी/तेल मिलाने से स्वाद व उर्जा के महत्व को बतायेगी।<br>● परिवार को कुपोषित बच्चे की भूख तथा पोषण स्तर पर नजर रखने को कहेगी।<br>● साफ, ताजा घर में बना हुआ भोजन दिन में 3–4 बार खिलायें। बच्चे की पसंद का खाना खिलायें। यदि बच्चा दिया गया खाना आराम से खा लेता है, चिड़चिड़ा नहीं है और खेल–खूद रहा है तो परिवार के प्रयास सार्थक दिशा में हैं।<br>● साफ पानी, साफ कटोरी, साफ थाली, साफ हाथ का प्रयोग करने की महत्ता से परिवार को अवगत करायेगी।<br>यदि बच्चा लम्बे समय से चिड़चिड़ा है, खाना या फिर मां का दूध नहीं पी रहा तो तुरंत डॉक्टर को दिखायें। आवश्यकता पढने पर ''पोषण पुर्नवास केन्द्रों'' पर भर्ती करायें। |
| 3 | पहले त्रैमास की गर्भवती महिलायें, धात्री महिलायें | ● गर्भावस्था में शीघ्र पंजीकरण<br>● गर्भावस्था व धात्री अवस्था के दौरान देखभाल व खान–पान संबंधी परामर्श<br>● अनुपूरक पोषाहार का समुचित प्रयोंग एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने के विधि को | कोविड के दौरान गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता है। यदि इनमें कोई भी कोविड के लक्षण मिलते हैं तो तुरंत जांच कराते हुये चिकित्सीय परामर्श ले।<br>आंगनबाड़ी कार्यकत्री पहले त्रैमास की गर्भवती महिलाओं व कुछ धात्री महिलाओं के घर गृह भ्रमण करेगी तथा निम्नानुसार परामर्श देगी–<br>● गर्भवती महिलाओं द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर शीघ्र पंजीकरण कराना, ए0एन0एम द्वारा एम0सीपी0 कार्ड बनवाना व मासिक वजन कराना। धात्री महिलाये द्वारा शिशु का जन्म पंजीकरण व टीकाकरण पूर्ण करवाना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | दर्शाना | • प्राप्त आयरन व कैल्शियम की गोलियां ग्रहण करें। (गर्भावस्था व धात्री महिला को कम से कम 180 आयरन की गोलियां, 360 कैल्शियम की गोलियां ग्रहण की जानी हैं। क्योकि यह शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं।<br>• प्राप्त होने वाले अनुपूरक पोषाहार का नियमित सेवन तथा उससे बनने वाली पौष्टिक रेसिपी के बारे में जानकारी देगी– (वीडियोज व रेसिपी बुकलेट के माध्यम से) नियमित रूप से अनुपूरक पोषाहार के प्रयोग के संबंध में परामर्श देगी।<br>• धात्री व गर्भवती महिला को अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है। अतिरिक्त आहार के साथ–साथ भोजन में गाढ़ी हरे पत्तेदार सब्जियां, नींबू, संतरा, गाजर, ज्वार ,बाजरा, रागी, दूध आदि को जोड़ने से शरीर की प्रतिरक्षण क्षमता बढ़ती है।<br>• यदि गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की समस्या महसूस होती है तो तुरंत आशा/आंगनबाड़ी से संपर्क करते हुये निकट के उपकेन्द्र अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अपने आपको दिखायें। |
| 4 | बच्चे जिन्होनें वर्तमान माह में 6 माह पूर्ण कर लिया हो | • खान–पान संबंधी परामर्श<br>• अनुपूरक पोषाहार का समुचित प्रयोंग एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने के विधि को दर्शाना<br>• | बच्चों के घर भ्रमण कर सही समय से उपरी आहार की शुरूआत तथा उसकी महत्वता से संबंधी निम्नानुसार परामर्श देगी–<br>• एक–दो चम्मच से शुरूआत करते हुये आहार की मात्रा, गाढ़ापन और बारम्बारता धीरे–धीरे बढ़ायें। प्रतिदिन बच्चे को कम से कम चार खाद्य समूह से बना भोजन खिलाये। स्तनपान जारी रखें<br>• अलग कटोरी चम्मच का उपयोग करें, ताकि आप जान सके कि बच्चा कितना खा रहा है।<br>• बच्चे को उसकी आयु के अनुसार खाना दें। खाना खिलने में जबरदस्ती न करें।<br>• प्राप्त होने वाले अनुपूरक पोषाहार का नियमित सेवन करें तथा उससे बनने वाली पौष्टिक रेसिपी के बारे में जानकारी देगी–(वीडियोज व रेसिपी बुकलेट के माध्यम से) नियमित रूप से अनुपूरक पोषाहार के प्रयोग के संबंध में परामर्श देगी।<br>• भोजन में तेल/घी डाल कर उसकी पौष्टिकता को बढ़ायें।<br>• एक बार में एक ही तरह का भोजन दें। भोजन का प्रकार व मात्रा धीरे–धीरे बढ़ायें।<br>खाने से पूर्व व खाने के बाद हाथ को अच्छी तरह से साबुन से धो लें। खाना बनाने के स्थान व बर्तन की साफ–सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें |

# <u>आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने से पूर्व प्लानिंग हेतु चेकलिस्ट (संलग्नक–2)</u>

**जिला कार्यक्रम अधिकारियो हेतु–**

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्यसेविकाओं को केन्द्र खोलने से पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर ओरियन्ट करेंगें:

- केन्द्रों पर साफ–सफाई सुनिश्चित् करें।
- केन्द्रों पर पेयजल एवं क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित् करायें।
- केन्द्र पर सोशल डिस्टेन्सिंग प्रोटोकाल के अनुपालन हेतु जमीन पर गोले बनवायें जिससे कि गतिविधि करने में सरलता हो।
- सभी प्रचार–प्रसार सामग्री (स्वास्थ्य पोषण व स्वच्छता परामर्श विषयक बुकलेट, विडियों, यू–ट्यूब लिंक, पोस्टर आई0एल0ए0, टेकअवे, स्कूल पूर्व शिक्षा सम्बन्धी विडियोज) को आंगनबाड़ी केन्द्र पर एकत्रित करवाना।
- मुख्य सेविका सेक्टर मीटिंग का एजेण्डा इस प्रकार से तैयार करे कि सभी विषय पर एक बार मे ही चर्चा हो सके। कार्यकत्रियों को बार–बार परियोजना कार्यालय नही आना पड़े।
- केन्द्र खुलने की तिथि से ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह व मात् समिति की महिलाओं को सूचना देना।

**बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्यसेविका हेतु–**

1. विभागीय निर्देशों/प्रचार प्रसार सामग्री को आंगनबाड़ी केन्द्रों तक भिजवायें तथा उपरोक्त का नियमानुसार अनुपालन करवाये ।

2. केन्द्र पर लाभार्थी को बुलाने से पूर्व साफ–सफाई हेतु की जाने वाली आवश्यक सामग्री के रूप में पानी, साबुन व सैनेटाईजर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित् करवायें।

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु चेकलिस्ट–**

| **क्र0सं0** | **फोकस बिन्दु** | **आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने से पूर्व तैयारी के मुख्य बिन्दु** | **उत्तर** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **हॉ** | **नहीं** |
| 1 | आंगनबाड़ी केन्द्र पर साफ–सफाई आदि की व्यवस्था | केन्द्र को साफ रखने की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है ? | | |
| | | वजन करने से पूर्व एवं पश्चात् वजन मशीन व अन्य उपकरणों को साफ करने की व्यवस्था की गयी है ? | | |
| 2 | आंगनबाड़ी केन्द्र पर कोविड–19 के प्रोटोकाल का अनुपालन | केन्द्र में लाभार्थियों के मध्य सोशल डिस्टेन्सिंग प्रोटोकॉल लागू करने हेतु गोले बनाये गये है ?<br>कोविड–19 से सम्बन्धित संदेश लाभार्थियों को दिये गये ? | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रचार–प्रसार सामग्री | आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का केन्द्र खुलने से पूर्व वांछित समस्त व्यवस्थायें जैसे साफ–सफाई, हैण्ड वांशिंग, कोविड–19 के प्रोटोकाल जैसे–सोशल डिस्टेन्सिंग आदि, रेसिपी बुकलेट, पोषण विषयक, प्रचार प्रसार की सामग्री के प्रयोग के बारे में ओरियन्टेशन सम्पन्न कराया गया ? | | |
| | | प्रचार–प्रसार सामग्री, विडियो तथा आडियो को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सी0डी0पी0ओ0 / मुख्यसेविका द्वारा उपलब्ध करायी गयी ? | | |
| | | आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रचार–प्रसार सामग्री उपलब्ध है? | | |
| 4 | स्वास्थ्य, पोषण एवं टी0एच0आर0 सम्बन्धी | प्राथमिकता के आधार पर गृह भ्रमण करने वाले लाभार्थियों / परिवारों की सूची तैयार है ? | | |
| | | चिन्हित कुपोषित / अतिकुपोषित बच्चों का वजन लिया गया है ? | | |
| | | ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में अति कुपोषित व सैम / मैम बच्चों की सूची उपलब्ध है ? | | |
| | | क्या अति कुपोषित अथवा सैम / मैम बच्चों को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर स्वास्थ्य जॉच के लिये भेजा गया ? | | |
| | | 11–14 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं हेतु नीली आयरन की गोली उपलब्ध है ? | | |
| | | टी0एच0आर0 का वितरण सोशल डिस्टेंन्सिग एवं कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए किया जा रहा है ? | | |
| | | गत् माह लाभार्थियों के यहां गृह भ्रमण किया गया ? | | |
| 5 | स्कूल पूर्व शिक्षा | आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा लाभार्थियों के अभिभावको को अनौपचारिक शिक्षा सम्बन्धी विडियोज शेयर किये गये है ? | | |
| | | विभागीय यू–ट्यूब चैनल (icds uttar pradesh) का लिंक शेयर किया गया है ? | | |

**संलग्नक–3**

# अक्टूबर–नवम्बर 2021 की ई0सी0सी0ई0 गतिविधि कैलेण्डर (8 सप्ताहों हेतु)

## अक्टूबर 2021: 4.10.21 – 9.10.21 (प्रथम सप्ताह)

<table>
<tr><td>सप्ताह 1</td><td colspan="8">थीमः मैं और मेरा परिवार</td></tr>
<tr><td>दिन</td><td colspan="2">सोमवार</td><td>मंगलवार</td><td>बुद्धवार</td><td colspan="2">बृहस्पतिवार</td><td>शुक्रवार</td><td>शनिवार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="8">◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">कविताः नमस्ते प्यारे बच्चों।<br>बच्चे अपना नाम बताएंगे।<br>खेलः ताली चुटकी</td><td rowspan="8">वज़न दिवस</td><td rowspan="8">VHSND</td><td colspan="2">बच्चे अपने दोस्तों के नाम बताएंगे।</td><td rowspan="8"></td><td rowspan="8"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंग मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंग पहचानना – लाल, पीला, नीला</td></tr>
<tr><td>रंग – रंग मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंग मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td></tr>
<tr><td>तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">रस्सी पर चलना</td><td colspan="2">शारीरिक व्यायाम</td></tr>
<tr><td rowspan="2">चौथे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>रचनात्मक कार्यः मुक्त चित्रकारी</td><td>हिंदीः पहली ध्वनि की पहचान "म", "क", "च"</td><td>रचनात्मकः आकृतियों में रंग भरना</td><td>अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –A,B,C,D,E,F,G,H</td></tr>
<tr><td>पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">कहानी की किताबः हम हिंदुस्तानी</td><td colspan="2">हिंदी भावगीत<br>कविताः हुआ सवेरा चिड़िया बोली</td></tr>
</table>

## अक्टूबर 2021: 11.10.21 – 16.10.21 (द्वितीय सप्ताह)

| सप्ताह 2 | थीमः मैं और मेरा परिवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | सोमवार | | मंगलवार | बुद्धवार | बृहस्पतिवार | | शुक्रवार | शनिवार |
| प्रथम चक्र का समय (30 मिनट) | ◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा | | | | | | | |
| | चर्चाः रोज की दिनचर्या | | गोदभराई दिवस | | चर्चाः रोज की दिनचर्या<br>कविताः ताली दो भाई ताली दो। | | | |
| दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट) | 3–5 वर्ष | 3–5 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | स्वतंत्र खेल | स्वतंत्र खेल | | | स्वतंत्र खेल | रंग – रंग पहचानना – लाल, पीला, नीला | | |
| | चित्र पर दाने बैठाना – सीधी लकीर वाले | चित्र पर दाने बैठाना – सीधी लकीर वाले | | | रंग – रंग पहचानना – लाल, पीला, नीला | स्वतंत्र खेल | | |
| तीसरे चक्र का समय (30 मिनट) | रस्सी पर चलना | | | | खेलः उठना बैठना | | | |
| चौथे चक्र का समय (30 मिनट) | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | हिंदीः पहली ध्वनि की पहचान ''म'' | रचनात्मक कार्यः मुक्त चित्रकारी | | | रचनात्मक कार्यः मुक्त चित्रकारी | हिंदीः पहली ध्वनि की पहचान ''म'', ''क', ''च'' | | |
| पंचवे चक्र का समय (30 मिनट) | कहानी की किताबः मोत्ताइनाइ दादी मां | | | | अंग्रेज़ी भावगीत<br>''कम लिटल चिल्ड्रेन, कम टू मीः'' | | | |

## अक्टूबर 2021ः 18.10.21 – 23.10.21 (तृतीय सप्ताह)

<table>
<tr><td>सप्ताह 3</td><td colspan="8">थीमः मैं और मेरा परिवार</td></tr>
<tr><td>दिन</td><td colspan="2">सोमवार</td><td>मंगलवार</td><td>बुद्धवार</td><td colspan="2">बृहस्पतिवार</td><td>शुक्रवार</td><td>शनिवार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="8">◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">कविताः ताली दो भाई ताली दो।<br>चर्चाः शरीर के अंगों की पहचान।</td><td rowspan="8">पी0टी0एम/<br>जन्मदिन का आयोजन</td><td rowspan="8"></td><td colspan="2">चर्चाः शरीर के अंगों का उपयोग।</td><td rowspan="8"></td><td rowspan="8"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्वतंत्र खेल</td><td>आकार – आकार मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंग पहचानना – हरा, काला, सफेद</td></tr>
<tr><td>रंग – रंग पहचानना – लाल, पीला, नीला</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंगों को छांटना लाल, और पीला</td><td>स्वतंत्र खेल</td></tr>
<tr><td>तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">रस्सी के ऊपर से कूदना</td><td colspan="2">गेंद का खेल – पास करना</td></tr>
<tr><td rowspan="2">चौथे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>रचनात्मकः छाप लगाना</td><td>हिंदीः चित्रों को छांटनाः पहली ध्वनि “म”, “क”, “च”</td><td>हिंदीः पहली ध्वनि की पहचान “म”, “क”</td><td>अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –A,B,C,D,E,F,G,H</td></tr>
<tr><td>पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">अंग्रेज़ी भावगीत<br>“कम लिटल चिल्ड्रेन, कम टू मीः”</td><td colspan="2">हिंदी भावगीत<br>कविताः हुआ सवेरा चिड़िया बोली</td></tr>
</table>

**अक्टूबर 2021: 25.10.21 – 30.10.21 (चतुर्थ सप्ताह)**

| सप्ताह 4 | थीमः मैं और मेरा परिवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिन** | **सोमवार** | | **मंगलवार** | **बुद्धवार** | **बृहस्पतिवार** | | **शुक्रवार** | **शनिवार** |
| **प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)** | ◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा | | | | | | | |
| | कविताः ताली दो भाई ताली दो। चर्चाः शरीर के अंगों की पहचान। | | सुपोषण दिवस | | चर्चाः शरीर के अंगों का उपयोग। | | | |
| **दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 3–5 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | स्वतंत्र खेल | आकार – आकार पहचानना – गोल और चौकोर | | | स्वतंत्र खेल | रंग – रंगों को छांटना लाल, और पीला | | |
| | रंग – रंग पहचानना – हरा, काला, सफेद | स्वतंत्र खेल | | | रंग – रंगों को छांटना नीला, और पीला | स्वतंत्र खेल | | |
| **तीसरे चक का समय (30 मिनट)** | गेंद का खेल – पास करना | | | | शारीरिक व्यायाम | | | |
| **चौथे चक का समय (30 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | रचनात्मकः प्रेस प्रिंटिंग | अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –I,J,K,L,M,N,O,P | | | हिंदीः पहली ध्वनि की पहचान ‘‘म’’, ‘‘क’’ | रचनात्मकः आकृतियों में रंग भरना | | |
| **पंचवे चक का समय (30 मिनट)** | कहानी की किताबः मोत्ताइनाइ दादी मां | | | | अंग्रेज़ी भावगीत ‘‘कम लिटल चिल्ड्रेन, कम टू मीः’’ | | | |

## नवम्बर 2021:1.11.2021 – 6.11.2021 (प्रथम सप्ताह)

<table>
<tr><td>सप्ताह 1</td><td colspan="8">थीम: मैं और मेरा परिवार</td></tr>
<tr><td>दिन</td><td colspan="2">सोमवार</td><td>मंगलवार</td><td>बुद्धवार</td><td colspan="2">बृहस्पतिवार</td><td>शुक्रवार</td><td>शनिवार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="8">◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">चर्चा: रोज की दिनचर्या<br>कविता: ताली दो भाई ताली दो।</td><td rowspan="8">वज़न दिवस</td><td rowspan="8">VHSND</td><td colspan="2">चर्चा: स्वच्छता क्यों जरूरी है?</td><td rowspan="8"></td><td rowspan="8"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंगों को छांटना नीला, और पीला</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंगों को छांटना – तीन रंगों से</td></tr>
<tr><td>चित्र पर दाने बैठाना – सीधी लकीर वाले</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>आकार – आकार मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td></tr>
<tr><td>तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">गेंद का खेल – सिर के ऊपर से पास करना</td><td colspan="2">शारीरिक व्यायाम</td></tr>
<tr><td rowspan="2">चौथे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>रचनात्मक: ऑरिगामी</td><td>हिंदी: पहली ध्वनि की पहचान "ब", "प", "स", "ल", "त"</td><td>हिंदी: चित्रों को छांटना: पहली ध्वनि "म", "क"</td><td>रचनात्मक: छाप लगाना</td></tr>
<tr><td>पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">कहानी की किताबः मुनिया रानी– तिकड़की जोशी</td><td colspan="2">हिंदी भावगीत<br>कविता: मैं तो सो रही थी</td></tr>
</table>

## नवम्बर 2021: 8.11.2021 – 13.11.2021 (द्वितीय सप्ताह)

<table>
<tr><td>सप्ताह 2</td><td colspan="8">थीमः मैं और मेरा परिवार</td></tr>
<tr><td>दिन</td><td colspan="2">सोमवार</td><td>मंगलवार</td><td>बुद्धवार</td><td colspan="2">बृहस्पतिवार</td><td>शुक्रवार</td><td>शनिवार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम चक्र का समय<br>(30 मिनट)</td><td colspan="8">◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">कविताः साबुन भईया हाथ मिलाओ......<br>चर्चाः शरीर की साफ सफाई कब–कब....</td><td rowspan="9">अन्नप्राशन दिवस</td><td rowspan="9"></td><td colspan="2">चर्चाः शरीर की साफ सफाई कैसे....</td><td rowspan="9"></td><td rowspan="9"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">दूसरे चक्र का समय<br>(30 + 30 = 60 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्वतंत्र खेल</td><td>आकार – आकारों को छांटना – चौकोर और गोलाकार</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>रंग – रंगों को छांटना – तीन रंगों से</td></tr>
<tr><td>मोती पिरोना</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td>आकार – आकार मिलान करना</td><td>स्वतंत्र खेल</td></tr>
<tr><td>तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">गेंद का खेल – सिर के ऊपर से पास करना</td><td colspan="2">रस्सी के नीचे से जाना</td></tr>
<tr><td rowspan="2">चौथे चक्र का समय<br>(30 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td></tr>
<tr><td>रचनात्मक कार्यः मुक्त चित्रकारी</td><td>अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –I,J,K,L,M,N,O,P</td><td>हिंदीः चित्रों को छांटनाः पहली ध्वनि “म”, “क”</td><td>रचनात्मकः छाप लगाना</td></tr>
<tr><td>पंचवे चक्र का समय<br>(30 मिनट)</td><td colspan="2">कहानी की किताबः हम हिंदुस्तानी/ लाईब्रेरी</td><td colspan="2">हिंदी भावगीत<br>कविताः मैं तो सो रही थी</td></tr>
</table>

## नवम्बर 2021: 15.11.2021 – 20.11.2021 (तृतीय सप्ताह)

| सप्ताह 3 | थीम: मैं और मेरा परिवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिन** | **सोमवार** | | **मंगलवार** | **बुद्धवार** | **बृहस्पतिवार** | | **शुक्रवार** | **शनिवार** |
| **प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)** | ◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा | | | | | | | |
| | कविता: साबुन भईया हाथ मिलाओ...... चर्चा: घर में कौन–कौन है? | | पी0टी0एम/ जन्मदिन का आयोजन | | चर्चा: घर में कौन–कौन है? परिवार एवं रिशतेदार | | | |
| **दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 3–5 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | स्वतंत्र खेल | आकार – आकारों को छांटना – चौकोर और गोलाकार | | | स्वतंत्र खेल | चित्र पर दाने बैठाना – टेढ़ी–मेढ़ी लकीर वाले | | |
| | आकार – आकार पहचानना – गोल | स्वतंत्र खेल | | | रंग – रंगों को छांटना नीला, और लाल | स्वतंत्र खेल | | |
| **तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)** | मेंढक दौड़ | | | | बतख दौड़ | | | |
| **चौथे चक्र का समय (30 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | रचनात्मक: क्ले मॉडलिंग | अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –Q,R,S,T,U,V,W ,X,Y,Z | | | हिंदी: पहली ध्वनि की पहचान "च", "ब", "प" | रचनात्मक: ऑरिगामी | | |
| **पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)** | कहानी की किताब: मुनिया रानी– तिकड़की जोशी | | | | अंग्रेज़ी भावगीत "हेड शोल्डर्स नीज़ एंड टोज़" | | | |

## नवम्बर 2021: 22.11.2021 – 27.11.2021 (चतुर्थ सप्ताह)

| सप्ताह 4 | थीम: मैं और मेरा परिवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिन** | **सोमवार** | | **मंगलवार** | **बुद्धवार** | **बृहस्पतिवार** | | **शुक्रवार** | **शनिवार** |
| **प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)** | ◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा | | | | | | | |
| | कविता: साबुन भईया हाथ मिलाओ......<br>चर्चा: घर में कौन–कौन है? | | किशोरी दिवस | | चर्चा: बच्चों को क्या–क्या पसन्द है? | | | |
| **दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 3–5 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | स्वतंत्र खेल | दो रंग के मोती पिरोना | | | स्वतंत्र खेल | आकार – आकार पहचानना – त्रिभुज | | |
| | आकार – आकार पहचानना – चौकोर | स्वतंत्र खेल | | | दो रंग के मोती पिरोना | स्वतंत्र खेल | | |
| **तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)** | सुरंग का खेल | | | | 50 मिटर की दौड़ | | | |
| **चौथे चक्र का समय (30 मिनट)** | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | | 3–5 वर्ष | 5–6 वर्ष | | |
| | रचनात्मक कार्य: मुक्त चित्रकारी | अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना –Q,R,S,T,U,V,W,X,Y,Z | | | हिंदी: पहली ध्वनि की पहचान "च", "ब", "प" | रचनात्मक: क्ले मॉडलिंग | | |
| **पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)** | कहानी की किताब: हम हिंदुस्तानी | | | | अंग्रेज़ी भावगीत<br>"हेड शोल्डर्स नीज़ एंड टोज़" | | | |

**नवम्बर 2021: 29.11.2021 – 30.11.2021 (पंचम सप्ताह)**

<table>
<tr><td>सप्ताह 5</td><td colspan="7">थीम: मैं और मेरा परिवार</td></tr>
<tr><td>दिन</td><td colspan="2">सोमवार</td><td>मंगलवार</td><td>बुद्धवार</td><td>बृहस्पतिवार</td><td>शुक्रवार</td><td>शनिवार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रथम चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="7">◆ स्वागत ◆ प्रार्थना ◆ नाम टैग ◆ स्वच्छता जांच ◆ कैलेंडर ◆ नियम पढ़ना ◆ ताजा खबर ◆ थीम आधारित चर्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">कविता: साबुन भईया हाथ मिलाओ......<br>चर्चा: घर में कौन–कौन है?</td><td>वॉश डे</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">दूसरे चक्र का समय (30 + 30 = 60 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>3–5 वर्ष</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>स्वतंत्र खेल</td><td>दो रंग के मोती पिरोना</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>आकार – आकार पहचानना – चौकोर</td><td>स्वतंत्र खेल</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>तीसरे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">सुरंग का खेल</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">चौथे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td>3–5 वर्ष</td><td>5–6 वर्ष</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>रचनात्मक कार्य: मुक्त चित्रकारी</td><td>अंग्रेज़ी – बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना ।<br>A-Z</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>पंचवे चक्र का समय (30 मिनट)</td><td colspan="2">कहानी की किताब: हम हिंदुस्तानी</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

## पी.टी.एम. का आयोजन

- आँगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत 03–06 वर्ष कें बच्चों के अभिभावक और आँगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए पी.टी.एम.।
- आँगनबाड़ी केंद्रों पर हर महीने के तीसरे मंगलवार को पी.टी.एम. का आयोजन किया जाएगा, जिसका उल्लेख वार्षिक कैलेण्डर में भी किया गया है।
- पी.टी.एम. का आयोजन दिन के आखिरी के दो घंटों के लिए किया जाएगा।

### पी.टी.एम. का उद्देश्य

- अभिभावक आयु अनुसार विकासात्मक और अधिगम उपलब्धियों के बारे में जानें।
- अभिभावक अपने बच्चो में होने वाले विकासात्मक और अधिगम उपलब्धियों से अवगत हों।
- अभिभावक अपने बच्चे के विकास में योगदान हेतु सक्रिय सहभागिता के महत्व से अवगत हों।
- अभिभावक अनौपचारिक खेल तथा गतिविधि आधारित शिक्षा विधि की आवश्यकता से अवगत हों।

### पी.टी.एम. से पूर्व की तैयारी

- आँगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत प्रत्येक 03–06 वर्ष आयुवर्ग के बच्चे के अभिभावक को पी.टी.एम. के तिथि के बारे में जानकारी दें। सभी अभिभावकों को एक साथ न बुलाएं।
- बच्चों द्वारा पूर्व में किए गए सभी हाथ के काम जैसे – स्क्रिबलिंग, पैंटिंग अथवा अन्य कलाकारी अभिभावक के सामने प्रदर्शन करने हेतु तैयार रखें।
- ई.सी.सी.ई. के प्रचार प्रसार वाले सभी सामग्रियों का प्रदर्शन (चार्ट, दृश्य श्रृव्य सामग्री) करना। अक्टूबर और अप्रैल महिनों में आयोजित किए जाने वाले पी.टी.एम से पूर्व –
    - सभी बच्चों के मूल्यांकन कार्ड सितंबर और मार्च महिनों में किए गए मूल्यांकन के नतीजों से अपडेट करें।
    - प्रत्येक बच्चे का मूल्यांकन कार्ड अभिभावकों के साथ साझा करने हेतु तैयार रखें।
- यह सुनिश्चित करें कि आँगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ हैं एवं शाला पूर्व शिक्षा के लिए प्रयोग किए जाने टी.एल.एम. तथा प्री–स्कूल किट से सुसज्जित हैं।

### पी.टी.एम. में की जाने वाली गतिविधियां

- सर्वप्रथम अभिभावकों का अभिनंदन करें।
- प्रत्येक बच्चे के अभिभावक के साथ व्यक्तिगत रूप से बात करें।

- अभिभावक को पहले उनके बच्चे के आयु अनुसार अपेक्षित विकासात्मक और अधिगम उपलब्धियों के बारे में बताएं।
- फिर अभिभावक को उनके बच्चे की वर्तमान विकासात्मक और अधिगम उपतब्धि के स्तर से अवगत कराएं।
- बच्चों द्वारा पूर्व में किए गए हाथ के काम उनके अभिभावक के साथ साझा करें।
- अभिभावक को उनके बच्चों द्वारा पिछले एक माह में किए गए कार्य, जैसे कि ड्राइंग, पेंटिंग, नाच—गाना, कविता, नाटक एवं इन सभी से बच्चों में होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों से अवगत कराएं।
- अक्टूबर और अप्रैल महीनों के पी.टी.एम. के दौरान अभिभवक के साथ पिछले महीनों में किए गए मूल्यांकन के नतीजे मूल्यांकन कार्ड के माध्यम से साझा करें।
- घर पर अपने बच्चे के विकास में योगदान देने हेतु अभिभावक के साथ सरल गतिविधियाँ एवं आवश्यक बातें साझा करें।

# बच्चों के जन्मदिन का आयोजन

आंगनवाड़ी केंद्रों पर हर महीने के तीसरे मंगलवार को पी.टी.एम. के साथ—साथ बच्चों के जन्मदिन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसका उल्लेख वार्षिक कैलेण्डर में किया गया है।


## जन्मदिन के आयोजन हेतु कुछ दिशा—निर्देश

- हर महीने के तीसरे मंगलवार को उन सभी बच्चों का जन्मदिन एक साथ मनाया जाएगा जिनका जन्म दिवस उस माह की किसी भी तिथि को पड़ता हो। उदाहरण— अप्रैल महीने में उन्हीं बच्चों का जन्मदिन मनाया जाएगा, जिनका जन्म दिवस अप्रैल की ही किसी भी तिथि को पड़ता है।
- बच्चों का जन्मदिन, दिन के पहले दो घंटों में मनाया जाएगा।
- जन्मदिन मनाने के तिथि पर उन बच्चों के अभिभावकों का बुलाएं जिनका जन्मदिन मनाया जा रहा हैं।
- अपने क्षेत्र की मुख्य सेविका और सी.डी.पी.ओ. को भी आमंत्रित कर सकते हैं।
- जिन बच्चों का जन्मदिन मनाया जा रहा है, उनके अभिभावकों को आँगनबाड़ी केंद्र एवं केंद्र पर आने वाले बच्चों के प्रयोग के लिए अपने इच्छानुसार भेंट लाने के लिए कह सकते हैं, जैसे फल, सब्ज़ी, पुराने खिलौने इत्यादि। कृप्या यह ध्यान दें कि अभिभावकों पर केंद्र के लिए भेंट लाने हेतु किसी भी प्रकार का ज़ोर न दिया जाए। जन्मदिन मनाने की प्रक्रिया –
    - जन्मदिन का गीत – हैपी बर्थडे टू यू
    - अन्य बच्चों के द्वारा नाच, गीत या कविता का प्रदर्शन
    - अभिभावकों द्वारा गीत या कविता का प्रदर्शन
    - अभिभावकों द्वारा लाई गए भेंट की प्रस्तुति (यदि भेंट लाई गई हो)

# दूसरे चक्र के समय की गतिविधियां

## 1. चित्र पर दाने बैठाना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| • दाने बैठाने के कार्ड – सीधी और टेढ़ी–मेढ़ी लकीर वाले चित्र<br>• बड़े बीज/पत्थर/कागज़ के गोले | • बच्चे के सामने एक चित्र कार्ड रखें और दानों की एक कटोरी रखें।<br>• बच्चे को चित्र की रूपरेखा में दाने बैठाने के लिए कहें। |



## 2. रंग मिलान करना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं**–अलग–अलग रंगों के मोती | • प्रत्येक रंग की 05–06 मोती बच्चे के सामने रखें।<br>• प्रत्येक रंग का एक–एक मोती अपने पास रखें।<br>• बच्चे को किसी एक रंग का मोती दिखाएं और पूछें – ''इसके जैसा यहां कहां हैं?'' |
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं** –<br>रंग मिलान बोर्ड और संबंधित रंग के कट–आऊट | • रंग मिलान बोर्ड और संबंधित रंग के कट–आऊटबच्चे के सामने रंग मिलान बोर्ड रखें और रंगों के कट–आऊट अपने पास रखें।<br>• फिर किसी एक रंग का कट–आऊट बच्चे को दिखाएं और उससे पूछें– ''इसके जैसा यहां कहां हैं?'' |




## रंग पहचानना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं**–अलग–अलग रंगों के मोती<br><br>**अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं** –<br>अलग–अलग रंगों के एक माप के गोल आकार के कट–आऊट | • बच्चों को पहले 03 रंगों से पहचान कराएं – लाल, पीला और नीला।<br>• बच्चे के सामने पहले एक रंग का मोती/कट–आऊट रखें और उस रंग का नाम उसे बताएं।<br>• बच्चे को केंद्र के अंदर उस रंग की वस्तुओं को ढूंढने के लिए कहें। |



## 3. रंग को छांटना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं**–परिचित दो अलग–अलग रंगों के मोती<br><br>**अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं** – परिचित दो अलग–अलग रंगों के कट–आऊट | • एक कटोरी में दो अलग–अलग रंगों के मोती/कट–आऊट को मिलाएं।<br>• बच्चे को दोनों रंगों को अलग करने के लिए कहें। |




## 4. आकार मिलान करना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं** –बिल्डिंग ब्लॉक्स में विभिन्न आकारों के समरूप जोड़े। | • ब्लॉक्स की जोडियों में से एक ब्लॉक बच्चे के सामने रखें और दूसरा ब्लॉक अपने पास रखें।<br>• बच्चे को एक ब्लॉक दिखाएं और उसके सामने रखे हुए ब्लॉक्स के तरफ इ ारा करते हुए पूंछें – ''इसके जैसा यहाँ कहाँ हैं?" |
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं**–आकार मिलान बोर्ड और संबंधित आकारों के कट–आऊट | • बच्चे के सामने आकार मिलान बोर्ड रखें और आकारों के कट–आऊट अपने पास रखें।<br>• किसी एक आकार का कट–आऊट बच्चे को दिखाएं और उससे पूछें – "इसके जैसा यहाँ कहाँ हैं?" |




## 5. आकार पहचानना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं** –बिल्डिंग ब्लॉक्स<br><br>**अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं** – चौकोर, त्रिभुज और गोल आकारों के एक ही रंग और माप के कट आऊट | • बच्चे के सामने पहले तीनों आकारों में से किसी एक आकार का ब्लॉक/कट आऊट रखें और उस आकार का नाम उसे बताए।<br>• अब बच्चे को केंद्र के अंदर उस आकार के समान वस्तुओं को ढूंढने के लिए कहें। |



## 6. आकारोंको छांटना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| एक ही रंग के दो अलग–अलग आकारों के कट–आऊट, जैसे लाल रंग के चौकोर और लाल रंग के त्रिभुज | • एक कटोरी में दो अलग–अलग आकारों के कट आऊट को मिलाए।<br>• बच्चे को दोनो आकारों को अलग करने के लिए कहें। |



# चौथे चक के समय की गतिविधियां

## 1. हिंदी: पहली ध्वनि को पहचानना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| **अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं** –चित्र/फ्लैश र्काड<br><br>**अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं** –रोज़ना प्रयोग किए जाने वाले ठोस वस्तु | • बच्चें को एक चित्र कार्ड/वस्तु दिखाए और चित्र/वस्तु पहचानने के लिए कहें।<br>• अब उसे उस भाब्द की पहली ध्वनि को पहचानने के लिए कहें |




## 2. अंग्रेज़ी: बड़े अक्षर के प्रतीक को पहचानना

| सामग्री | प्रक्रिया |
|---|---|
| अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध हैं –<br>**–अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों के प्लास्टिक का सेट**<br><br>अगर प्री–स्कूल किट उपलब्ध नहीं हैं –<br>**–अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों केअक्षर कार्ड** | • बच्चें को एक चित्र कार्ड/वस्तु दिखाए और चित्र/वस्तु पहचानने के लिए कहें।<br>• अब उसे उस भाब्द की पहली ध्वनि को पहचानने के लिए कहें |



# पांचवे चक्र का समय

## अंग्रेज़ी भाव–गीत

1.**Come Little Children Come to Me**
**कम लिटल चिल्ड्रेन, कम टू मी**

Come little children, come to me
कम लिटल चिल्ड्रेन, कम टू मी,

I will teach you ABC,
आई विल टीच यू ABC,

ABCDEFG,
HIKJ, LMNOP,
LMNOP QRST,
UVWXYZ,
XYZ

2. **Head, shoulders, knees and toes**
**हेड शोल्डर्स नीज़ एंड टोज़**

Heads, shoulders, knees and toes
हेड शोल्डर्स नीज़ एंड टोज़

Eyes and ears and mouth and nose
आईस एंड इयर्स एंड माऊथ एंड नोज़

Head, shoulders, knees and toes
हेड शोल्डर्स नीज़ एंड टोज़

## हिंदी भाव–गीत

1. **हुआ सवेरा चिड़िया बोली**

हुआ सवेरा चिड़िया बोली
बच्चो ने तब आखे खोली
अच्छे बच्चे मंजन करते
मंजन करके मुंह को धोते
मुंह धोकर वे रोज नहाते
रोज नहाकर खाना खाते
खाना खाकर पढने जाते
हुआ सबेरा चिड़िया बोली
बच्चो ने तब आंखे खोली।

2. **मै तो सो रही थी.....**

मै तो सो रही थी, मुझे दादी ने जगाया,
बोलीं उठ, उठ, उठ।
मैं तो सो रही थी, मुझे पापा ने जगाया,
बोले उठ, उठ, उठ।
मैं तो सो रही थी, मुझे मम्मी ने जगाया,

## आंगनबाड़ी केन्द्र खुल जाने पर कार्यकत्री एवं सहायिका हेतु अन्य दिशा–निर्देश (संलग्नक–4)

इस संबंध में आँगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले 03–06 आयु वर्ष के बच्चों के सम्बन्ध में निम्नानुसार व्यवस्था प्रस्तावित है।

1. आँगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 03–06 वर्ष के बच्चे सप्ताह में दो बार (सोमवार एवं बृहस्पतिवार) आएंगें।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों के अभिभावकों को केन्द्र खुलने से पूर्व इस आशय हेतु प्रेरित करेगी कि वह अपने बच्चों को निर्धारित दिवसों में ही समय से केन्द्र पर भेजें।
3. आँगनबाड़ी कार्यकत्री अभिभावकों को सूचित करेगी कि निम्न श्रेणी के बच्चें केंद्र पर नहीं भेजें :
    a. जो बच्चें बीमार हैं।
    b. जो बच्चें SAM/MAM श्रेणी में चिन्हित हैं।
    c. जो बच्चें कन्टेंमेंट ज़ोन में रहते हैं।
    d. जिन बच्चों के परिवार में वर्तमान में कोविड पॉजिटिव सदस्य हैं।

**आँगनबाड़ी केंद्र को पुनः प्रारम्भ करने हेतु आँगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका के संबंध में:**

1. यदि कोई आँगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका कोविड पॉजिटिव हैं/कोविड पॉजिटिव होने के लक्षण हैं, तद्नुसार सूचना सम्बन्धित परिक्षेत्र की मुख्यसेविका को देगीं, मुख्यसेविका सम्बन्धित केन्द्रों के संचालन की व्यवस्था अपने स्तर पर सुनिश्चित् करेगीं।
2. यदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका बिंदु संख्या 01 के अनुसार केन्द्र संचालन के स्थिति में नहीं हो तो वह कार्यकत्री/सहायिका आवश्यकता अनुसार/नियम अनुसार quarantine के नियमों का पालन करेगी।
3. आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन किया जायेगा।

**शाला पूर्व शिक्षा के संबंध में:**

1. प्रत्येक आँगनबाड़ी कार्यकत्री को अक्टूबर और नवम्बर महीनों में करायी जाने वाले गतिविधियों का कैलेण्डर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें निर्धारित दिनों के अनुसार गतिविधियाँ उल्लिखित हैं।
2. प्रत्येक महीने के तीसरे मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री 03–06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों के साथ मीटिंग करेंगी। अभिभावको के साथ मीटिंग के दौरान आँगनबाड़ी कार्यकत्री को निम्न बिन्दु पर ध्यान देना हैं–
    a. बच्चों के आयु के अनुसार सर्वागीण विकास के विभिन्न स्तर से उनके माता पिता/समुदाय को अवगत कराना है।
    b. समुदाय तथा माता–पिता के सक्रिय सहभागिता के लिये सही अवसर प्रदान करना जिससे कि वे संसाधन तथा सामग्री का सहयोग आंगनबाड़ी केन्द्र को दें।
    c. अनौपचारिक खेल तथा गतिविधि आधारित शिक्षा विधि के बारे में माता–पिता/समुदाय को समझना ताकि वो इसकी आवश्यकता को समझें और इसको स्वयं भी लागू करने में सक्षम बनें।
3. आँगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बच्चों के साथ अभिभावको की सहायता से घर पर की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी विभागीय Youtube Channel (icds uttar pradesh) के माध्यम से दी जायेगी।
4. आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा निर्धारित दिवसों में आने वाले बच्चों की उपस्थिति का अंकन, **अटेंडेंस रजिस्टर** में नियमित रूप से किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रतिदिन खोले जाने तक कार्यकत्री द्वारा अनुपूरक पोषाहार का वितरण डोर–टू–डोर, कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए यथावत् सुनिश्चित् किया जायेगा।